दिनांक 03 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क, नालियों की हो रही है सघन सफाई, जोन आयुक्त मॉर्निंग विजिट में कर रहे है अपने क्षेत्रों का प्रतिदिन निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत सड़क, नालियों की सफाई, कचरे का उठाव शीघ्रता के साथ करने के साथ सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई को शीर्ष स्थान पर लाने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के तहत् कार्य करने के लिए निर्देश दिये हुए हैं , जिसके तहत् जोन के अधिकारी मॉर्निंग विजिट में प्रतिदिन अपने क्षेत्रों के सड़क , नालियों और शौचालयों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बाजार क्षेत्रों में दो पालियों में सफाई , सड़क किनारे बिखरे हुए कचरे का उठाव प्रतिदिन हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी व्यवसायियों से गीले एवं सूखे कचरे के निपटान हेतु अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने की सलाह दे रहे है। स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने स्वच्छता सुपरस्टार का नारा देते हुए अपने घर के आस-पास सफाई रखने प्रेरित किया जा रहा है , सुबह से सफाई कार्य में जुटे हुए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने स्वच्छता संबंधी मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत भिलाई निगम प्रशासन शहर की सफाई व्यवस्था को और चाक-चौबंद कर रही है। मोहल्लों के जीवीपी एवं कचरा पाइंट को समाप्त किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था का जायजा लेने जोन आयुक्त सुबह से जोन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। जोन 02 की आयुक्त पूजा पिल्ले ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई व्यवस्था को दूरूस्त बनाने विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है , जिसमें एक साथ स्वच्छता कर्मचारियों का ग्रुप बनाकर विशेष स्थानों की सफाई कराई जा रही है , स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने स्वच्छता सुपरस्टार के नारे के साथ लोगों को प्रेरित किया जा रहा है , ताकि लोग अपने घरों के आस-पास गंदगी न फैलाए और कचरे को निर्धारित स्थान पर डालकर स्वच्छता वाहन में ही दे। सुबह निरीक्षण के दौरान सड़क की सफाई , झिल्ली, पन्नी कचरे का उठाव , बाजार क्षेत्र में दोनो पालियों की सफाई तथा सफाई कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है। विशेष अभियान में प्रमुख मार्गों के दोनों ओर , नालियों तथा चौक चौराहा की सफाई की जा रही है। जोन 03 आयुक्त प्रीति सिंह ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के मापदंडों के अनुरूप निगम क्षेत्र में सफाई कार्य , कचरे का उठाव तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कार्य में तेजी लाई जा रही है। प्रतिदिन सुबह सुपरवाइजर वार्डों का निरीक्षण कर रहे है, उनके साथ सफाई कर्मचारी झाड़ू, तगाड़ी, फावड़ा आदि लेकर चलते है जहां भी कचरे का जमाव

दिखता है तत्काल उठाया जाता है। निदान 1100 में स्वच्छता संबंधी शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण हो रहा है। सफाई कार्य जुटे हुए स्वच्छता कर्मचारी लोगों को प्रोत्साहित करने फील्ड में स्वच्छता संबंधित मनोरंजन कार्यक्रम करते हुए सांस्कृतिक गीत, संगीत व नृत्य आयोजित कर रहे है! स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय की बेहतर व्यवस्था बनाने शौचालयों में पानी की व्यवस्था , निरंतर सफाई और हमेशा केयर टेकर रहने आदि की उपलब्धता स्वच्छ सर्वेक्षण के पैरामीटर के अनुरूप करते हुए व्यवस्था बनाया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने वॉल पेंटिग भी कराई गई है। समझाईश के बाद भी कचरा फैलाने वालों पर अर्थदंड की कार्यवाही की जा रही है।